**-प्रेस नोट-**

**जनपद मुजफ्फरनगर**

**दिनांक 17.09.2025**

**थाना खतौली पुलिस द्वारा चोरी के अभियोग का सफल अनावरण, चोरी की मोटरसाइकिल बरामद, 01 अभियुक्त गिरफ्तार-**

दिनांक 17.09.2025 को थाना खतौली पर नियुक्त उ0नि0 श्री तेजवीर सिंह मय हमराहिगण द्वारा मु0अ0स0 352/25 धारा 303(2), 317(2) बीएनएस में वांछित अभियुक्त राहुल पुत्र सन्त सिंह निवासी जैन नगर थाना खतौली, मुजफ्फरनगर को गिरफ्तार किया गया। अभियुक्त के ककब्जे  से उपरोक्त अभियोग से सम्बन्धित 01 मोटरसाइकिल स्पलेण्डर यूपी 12 बीवाई 2565 बरामद की गयी।

**थाना पुरकाजी पुलिस द्वारा 01 वारण्टी अभियुक्त गिरफ्तार-**

दिनांक 17.09.2025 को थाना पुरकाजी पर नियुक्त उ0नि0 श्री विशाल राठी मय हमराहिगण द्वारा वाद संख्या 784/9/20 धारा 452,354ख, 504,506 भादवि व 7/8 पोक्सो अधि0 में वारण्टी अभियुक्त धर्म सिंह पुत्र रुपचन्द निवासी झोझगान थाना पुरकाजी मुजफ्फरनगर को अभियुक्त के मसकन से गिरफ्तार किया गया।

**थाना खालापार पुलिस द्वारा 01 वारण्टी अभियुक्त गिरफ्तार-**

दिनांक 17.09.2025 को थाना खालापार पर नियुक्त उ0नि0 श्री मनीष कुमार मय हमराहिगण द्वारा वाद संख्या 1523/11/15 धारा 128 सीआरपीसी में वारण्टी अभियुक्त मौ0 आमिर पुत्र मौ0 अरशद निवासी द0खालापार थाना खालापार मुजफ्फरनगर को हारुण की कोठी के पास से गिरफ्तार किया गया।

**थाना चरथावल पुलिस द्वारा 01 वांछित अभियुक्त गिरफ्तार -**

दिनांक 17.09.2025 को थाना चरथावल पर नियुक्त उ0नि0 श्री कौशलेन्द्र प्रताप सिंह मय हमराहिगण द्वारा मु0अ0स0 236/25 धारा 137(2), 87, 65(1) बीएनएस व 3/4 (2) पोक्सो अधि0 में वांछित अभियुक्त अजय पुत्र सोमपाल निवासी मौहल्ला खैबान थाना सरधना मेरठ को मेरठ चर्च गेट से गिरफ्तार किया गया।

**थाना चरथावल पुलिस द्वारा 01 वारण्टी अभियुक्त गिरफ्तार-**

दिनांक 17.09.2025 को थाना चरथावल पर नियुक्त उ0नि0 श्री गजेन्द्र सिंह मय हमराहिगण द्वारा वाद संख्या 83/13 धारा 25 आयुद्ध अधि0 में वारण्टी अभियुक्त धर्मेन्द्र पुत्र बाबूराम निवासी कचराई थाना ननौता, सहारनपुर को अभियुक्त के मसकन से गिरफ्तार किया गया।

**थाना बुढाना पुलिस द्वारा 01 वांछित अभियुक्त गिरफ्तार-**

दिनांक 17.09.2025 को थाना बुढाना पर नियुक्त उ0नि0 श्री रनवीर सिंह मय हमराहिगण द्वारा मु0अ0स0-382/25 धारा- 333/137(2)/74/351(3) बीएनएस में वांछित अभियुक्त शावेज पुत्र यामीन निवासी मौ0 नूरगफ्फान कस्बा व थाना शाहपुर जनपद मु0नगर को खतौली तिराहे से गिरफ्तार किया गया।

**थाना बुढाना पुलिस द्वारा 01 अभियुक्त अवैध शस्त्र सहित गिरफ्तार-**

दिनांक 17.09.2025 को थाना बुढाना पर नियुक्त उ0नि0 श्री छविकान्त सिंहमय हमराहिगण द्वारा अभियुक्त शहनवाज पुत्र तरीकत निवासी ग्राम मैना पुट्ठी थाना सरूरपुर जिला मेरठ को मंदवाडा जाने वाले रास्ते से गिरफ्तार किया गया। अभियुक्त के कब्जे से 01 तमंचा मय 01 जिन्दा कारतूस 315 बोर बरामद किया गया जिसके सम्बन्ध में थाना बुढाना पर मु0अ0स0- 387 /2025 धारा 3/25 ए एक्ट पंजीकृत किया गया।

**थाना भोपा पुलिस द्वारा 01 वांछित अभियुक्त गिरफ्तार-**

दिनांक 17.09.2025 को थाना भोपा पर नियुक्त उ0नि0 श्री प्रेमपाल सिंह मय हमराहिगण द्वारा मु0अ0सं0 300/2025 धारा 352,331(6),351(3),115(2) बीएनएस में वांछित अभियुक्त सिब्बा (बंगाली) पुत्र सोमपाल निवासी ग्राम भोकरहेडी थाना भोपा मु0नगर को भोकरहेडी बस अडडे से गिरफ्तार किया गया।

**थाना भोपा पुलिस द्वारा 01 वारण्टी अभियुक्त गिरफ्तार-**

दिनांक 17.09.2025 को थाना भोपा पर नियुक्त उ0नि0 श्री गजेन्द्र कुमार मय हमराहिगण द्वारा वाद संख्या 1452/19 व अ0स0 392/2018 धारा 279/337/338 भादवि में वारण्टी अभियुक्त रविन्द्र पुत्र वीरपाल निवासी ककराला थाना भोपा , मु0नगर को अभियुक्त के मसकन से गिरफ्तार किया गया।

**थाना छपार पुलिस द्वारा चोरी के 03 अभियोगों का सफल अनावरण करते हुए 04 शातिर चोर अभियुक्तगण(02 घायल सहित) को दौराने पुलिस मुठभेड़ किया घायल/गिरफ्तार। घायल/गिरफ्तार अभियुक्तगण के कब्जे से चोरी की 02 मोटर साईकिल, चोरी का सामान, चोरी करने के उपकरण, 9300/- रूपये व अवैध शस्त्र बरामद।**

दिनांक 17.09.2025 को थाना छपार पर नियुक्त उ0नि0 श्री दीपक कुमार मय हमराहिगण द्वीरा 1. मु0अ0सं0 176/25 धारा 305(ए)/317(2) बीएनएस थाना छपार, मुजफ्फरनगर 2. मु0अ0सं0 189/25 धारा 305(ए),331(4)/17(2) बी0एन0एस0 थाना छपार, मुजफ्फरनगर 3. मु0अ0सं0 231/25 धारा 303(2)/317(2) बीएनएस थाना छपार, मुजफ्फरनगर का सफल अनावरण करते हुए अभियुक्तगण 1. हसीन पुत्र वकील नि0 मो0 शाहपुर कस्बा व थाना भगवानपुर जिला हरिद्वार उम्र करीब 34 वर्ष (घायल) 2. नबाब पुत्र मौ0 हनीफ नि0 ग्राम डाटा जलालपुर थाना भगवानपुर

जिला हरिद्वार उम्र करीब 38 वर्ष (घायल) 3. शाहनबाज उर्फ काला पुत्र रसीद नि0 मौ0 शाहपुर थाना भगवानपुर जिला हरिद्वार उम्र करीब 35 वर्ष 4. इरशाद पुत्र वकील अहमद नि0 कस्वा व थाना पुरकाजी, मुजफ्फरनगर उम्र करीब 36 वर्ष को खटीमा मार्ग से रई जाने वाले रास्ते से घायल/गिरफ्तार किया गया। अभियुक्तगण के कब्जे से 01 स्पलैण्डर मोटर साईकिल बिना नम्बर प्लेट (जनपद सहारनपुर से चोरी की गयी, थाना जनकपुरी पर पंजीकृत मु0अ0स0 64/17 धारा 379 भादवि), 01 पैशन प्रो मोटर साईकिल ( जनपद गाजियाबाद से चोरी, थाना साहिबाबाद पर पंजीकृत मु0अ0स0 816/24 धारा 379 भादवि), 02 तमंचा मय 03 जिन्दा 02 खोका कारतूस 315 बोर, 02 चाकू, 01 इन्वर्टर व सैनेटरी का सामान (टंकी की टोटी-10 ,सोकिट-03 प्लग, -2 एल्बो 05 ,टी -02) –थाना छपार पर पंजीकृत मु0अ0स0 189/25 धारा 305ए, 331(4) बीएनएस से सम्बन्धित, 40 सिगरेट की डिब्बी (थाना छपार पर पंजीकृत मु0अ0स0 231/25 धारा 303(2) बीएनएस से सम्नब्धित), 9300/- रुपये (थाना छपार पर पंजीकृत मु0अ0स0 176/25 धारा 305ए बीएनएस से सम्बन्धित), चोरी करने के उपकरण- 03 आरी के ब्लेड, प्लास, हथोडी आदि) बरामद किये गये।

**थाना कोतवाली नगर पुलिस द्वारा हत्या के अभियोग में वांछित 02 बाल अपचारियों को पुलिस अभिरक्षा में लिया गया। दोनों बाल अपचारी भाई अपनी बहन से उनकी मर्जी के बिना शादी करने से नाराज थे, सामाजिक प्रतिष्ठा के कारण दोनों भाईयों ने 11 माह बच्चे (भांजे) की हत्या कर अपनी बहन को किया था मारने का प्रयास।**

दिनांक 17.09.2025 को थाना कोतवाली नगर पर नियुक्त निरीक्षक अपराध श्री विपिन त्यागी (बाल कल्याण अधिकारी) मय हमराहिगण द्वारा मु0अ0सं0-320/2025 धारा-103(1)/109/351(3) बीएनएस थाना कोतवाली नगर, मुजफ्फरनगर से सम्बन्धित 02 बाल अपचारियों को पुलिस अभिरक्षा में लिया गया। प्रारम्भिक पूछताछ में दोनों बाल अपचारियों द्वारा बताया गया कि हमारी बहन ने हमारे तहेरे भाई विजय पुत्र बाबू के साथ हमारी बिना मर्जी के भागकर शादी कर ली थी। हमने अपनी बहन को काफी समझाया था लेकिन वह नही मानी। गांव के लोग हमें ताना मारते थे । हम अपनी बहन छोटी के कारण काफी बेइज्जत हुए तभी से हम दोनो भाई अपनी बहन की हत्या करने की योजना बना रहे थे। हमारी बहन हमसे छुपकर रहने लगी। इसी दौरान हमारी बहन को एक लडका पैदा हो गया और हमे पता लगा की वह अपने पति विजय के साथ किराये के मकान में मौहल्ला प्रेमपुरी मुजफ्फरनगर में रह रही है। हम दोनो भाई अपनी बहन छोटी के पास करीब 4-5 दिन पहले मौहल्ला प्रेमपुरी स्थित मकान पर आये तो पता लगा की छोटी का पति विजय बागपत जेल में बन्द है और छोटी अपने पुत्र अभिषेक उम्र करीब 11 माह के साथ किराये के मकान में रह रही है। हम दोनो भाई अपनी बहन के साथ चार-पांच दिन रहे जब उसे हम पर पूर्ण विश्वास हो गया तो दिनाँक 15/16/9/25 की रात्रि में करीब 02.00 बजे हम दोनो भाई अपनी बहन के साथ मारपीट व झगडा करने लगे तो वह अपने बच्चे को लेकर भागने लगी तथा बच्चा रोने लगा हमने बच्चे को छीन लिया तथा बच्चे का हाथ से गला व मुंह भीच दिया जिससे वह बेहोश हो गया हम समझ गये कि इसकी मृत्यु हो गयी है। उसके बाद हमने बेल्ट से अपनी बहन का गला घोट दिया जिससे वह बेहोश गयी। इतनी देर में ही शोर-शराबा सुनकर आस-पास के लोग आ गये। हमलोग अपनी बहन को मरा समझकर उसे

वहीं छोडकर तथा आस-पास के लोगों को चाकू दिखाकर भाग गये। आज हम बाहर भागने की फिराक में शामली स्टैण्ड बस अड्डे पर खडे थे कि पुलिस द्वारा हमें पकड लिया।

**<u>थाना मन्सूरपुर पुलिस द्वारा 02 वांछित अभियुक्तगण गिरफ्तार-</u>**

दिनांक 17.09.2025 को थाना मन्सूरपुर पर नियुक्त उ0नि0 श्री आशीष पालीवाल मय उ0नि0 श्री किशन सिंह मय हमराहिगण द्वारा मु0अ0स0 269/25 धारा 191(2), 191(3), 115(2), 304 बीएनएस में वांछित अभियुक्तगण 1- इस्तीकार पुत्र ताहिर 2- मुदस्सीर पुत्र फैय्याज निवासीगण पुरबालियान थाना मन्सूरपुर, मुजफ्फरनगर एवं मु0अ0स0 266/25 धारा 64(1), 351(3) बीएनएस व ¾ पोक्सो अधि0 में वांछित अभियुक्त ललित पुत्र मांगेराम निवासी ग्राम जडौदा थाना मंसूरपुर, मुजफ्फरनगर को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया।